## Headline

1. **Bihar: एनडीए में सीट बंटवारे का फॉर्मूला अब तक तय नहीं, चिराग बोले- पापा कहते थे 'कदम-कदम पर लड़ना सीखो'**
2. **US: 'भारत अपने फैसले खुद लेता है, हम निर्देश नहीं दे सकते', रूसी तेल खरीद पर बोले ट्रंप के व्यापार सलाहकार**
3. **यूपी: प्रदेश से मानसून हुआ विदा, सुबह और शाम हवा में घुली ठंड; मौसम विभाग ने जारी किए ये पूर्वानुमान**
4. **Karnataka: शख्स ने फेसबुक पर लाइव आत्महत्या की कोशिश की, पत्नी बोली- सब 'ड्रामा' है; जानें क्या है पूरा मामला**
5. **लखनऊ: सहारा शहर सील करने के खिलाफ सहारा प्रबंधन पहुंचा हाईकोर्ट, आज होगी सुनवाई, कंपनी ने दी ये चुनौती**


विश्वनाथ मम नाथ पुरारी। त्रिभुवन महिमा बिदित तुम्हारी ।।
नाथ कृपां अब गयेऊ बिषादा। सुखी भयउँ प्रभु चरण प्रसादा ।।
|| Ram Katha 965 - *मानस गोपनाथ || Gopnath, Mahua ( Gujarat) || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 85 | इंदौर, बुधवार 08 अक्टूबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


**कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस: सीएम की अफसरों को नसीहत**

# जन प्रतिनिधियों से संवादहीनता की शिकायत न मिले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस के पहले दिन मीडिया से बातचीत की। उन्होंने बताया कि कॉन्फ्रेंस में अधिकारियों को विजन-2047 के तहत प्रथम पांच वर्ष की योजना पर काम करने और जिलों में टीम बनाकर विकास कार्यों को क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कलेक्टर, सीईओ, एसपी और डीएफओ को अनिवार्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि विश्राम करना चाहिए ताकि स्थानीय स्तर पर समस्याओं का तुरंत समाधान हो सके। सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई की शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और किसी भी जिले से जन प्रतिनिधियों से संवादहीनता की शिकायत नहीं आनी चाहिए। बताया जा रहा है कि सीएम ने कलेक्टर्स से जनता के हित में बिना डर के निर्णय लेने की भी बात कहीं। साथ ही अधिकारियों को नसीहत दी कि काम करें। साथ ही उन्होंने कहा कि जनता, मीडिया, जनप्रतिनिधि और शासन-प्रशासन से निरंतर आत्मीय संबंध बनाएं रखे। डबल इंजन की सरकार तेजी से तब ही काम करेगी, जब सभी मिलकर काम करेंगी।

उन्होंने गीता भवन योजना को तेज गति देने, साडा परियोजनाओं की समीक्षा करने और उद्योगों के लिए एमओयू क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। पुरानी बंद मिलों की भूमि का शीघ्र निपटारा करने और धार्मिक पर्यटन के विकास पर ध्यान देने के साथ-साथ लघु व कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन देने पर जोर दिया गया। भू-अर्जन प्रक्रिया को सरल बनाने और राजस्व प्रकरणों का निराकरण निरंतर जारी रखने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिए।

कृषि क्षेत्र में जैविक और प्राकृतिक खेती, उद्यानिकी फसलें और धार्मिक स्थलों के पास गुलाब की खेती को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया। ड्रिप-स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली को बढ़ावा देने और प्रत्येक जिले में सप्ताह में एक दिन जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों के लिए बाजार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य क्षेत्र में अस्पतालों का नियमित निरीक्षण, निजी मेडिकल कॉलेजों के पीपीपी मॉडल में निर्माण, कुपोषण अभियान की गति और महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ समन्वय पर भी जोर दिया गया। नगर क्षेत्रों में शहरी यातायात सुधार, बड़े शहरों में फ्लाईओवर निर्माण और अवैध कॉलोनियों पर नियंत्रण सुनिश्चित करने के भी निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि प्रत्येक जिले में नवाचार और सुधार लगातार जारी रहने चाहिए ताकि मध्यप्रदेश 2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर प्रदेश बन सके।



**मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा दिए गए प्रमुख निर्देश**

■सभी अधिकारी विजन-2047 के अंतर्गत प्रथम पांच वर्ष की योजना पर कार्य करें। ■कलेक्टर, सीईओ, एसपी, डीएफओ अपने जिले में टीम बनाकर कार्य करें। ■कलेक्टर, सीईओ एवं अन्य अधिकारी अनिवार्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि विश्राम करें। ■सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों के निराकरण पर ध्यान दिया जाए। ■जनसुनवाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी, इसे गंभीरता से लें। ■किसी भी जिले से जन प्रतिनिधियों से संवादहीनता की शिकायत नहीं आना चाहिए। ■जिलों में नवाचार की प्रक्रिया निरंतर जारी रहे। ■जिन योजनाओं में सुधार की गुंजाईश है, उन पर कार्य किया जाए। ■गीता भवन योजना में गति लाई जाए, नगरों में ये भवन सामाजिक सद्भाव बढ़ाएंगे। ■साडा के कार्यों की समीक्षा की जाए। ■उद्योगों के लिए एमओयू के क्रियान्वयन में तेजी लाएं। ■पुरानी बंद मिलों की भूमि का यथाशीघ्र निपटारा किया जाए। ■धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दें, प्रत्येक जिले में इस दिशा में संभावनाओं को साकार करें। ■लघु, कुटीर उद्योगों को प्राथमिकता देते हुए कार्य हो।

**गलत तरीके से गाड़ियां खड़ी करने की जानकारी**

# 15 दिन में मिली 336 शिकायतें



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के ट्रैफिक को बेहतर बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस लगातार नए कदम उठा रही है। हाल ही पुलिस ने ट्रैफिक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। जिसमें लोगों द्वारा ट्रैफिक संबंधी शिकायतें की जा रही है। इसकी बात करें तो पिछले 15 दिनों में इस नंबर पर 336 शिकायतें पुलिस को मिली है। इसमें से 308 शिकायतों का पुलिस ने समाधान कर दिया है।**

शहर में सुगम सुरक्षित और सुखद ट्रैफिक के लिए इंदौर ट्रैफिक मैनेजमेंट पुलिस द्वारा वॉट्सऐप हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। ये नंबर है 7049107620। इस पर लोग वॉट्सऐप के माध्यम से ट्रैफिक संबंधी शिकायतें कर रहे हैं।

बात की जाए तो इस हेल्पलाइन के शुरू होने से लेकर सोमवार तक यानी 15 दिनों में 336 शिकायतें मिली, इसमें से 308 शिकायतों का निराकरण किया, जबकि 28 शिकायतें दूसरे विभाग से संबंधित थी, जिसके चलते संबंधित विभाग को जानकारी दी गई है। सोमवार को 26 शिकायतों में से 21 शिकायतों पर कार्रवाई कर समाधान किया जा रहा है। साथ ही ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जा रही है। इधर, पुलिस ने लोगों से अनुरोध किया है कि बेहतर ट्रैफिक के लिए इंदौर पुलिस का सहयोग करें और किसी भी ट्रैफिक संबंधी समस्या के लिए हेल्पलाइन नंबर पर जानकारी दे।

### हेल्पलाइन नंबर पर मिल रही इस तरह की शिकायतें

- बीच रोड और साइड में ठेले-गुमटियों के कारण लग रहा जाम।
- लोडिंग और ई-रिक्शा के गलत तरीके से खड़े होने के कारण लग रहा जाम।
- नाश्ता/खाने की दुकानों के बाहर गाड़ियां खड़ी होने से ट्रैफिक जाम लगना।
- वाहन चालकों द्वारा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करना, तेज स्पीड में गाड़ी चलाना।
- लेफ्ट टर्न पर गाड़ियां रोककर खड़े हो जाना।
- नो-पार्किंग में रोड साइड व दुकानों के सामने खड़ी गाड़ियों के कारण ट्रैफिक जाम लगना।

# 10 हजार ट्रकों के पहिए थमे

## ट्रक-ट्रांसपोर्टरों ने बुकिंग और डिलीवरी बंद की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर में सुबह 6 से रात 11 बजे तक ट्रकों की नो-एंट्री के विरोध में इंदौर के ट्रक ट्रांसपोर्टरों ने अनिश्चितकालीन स्वैच्छिक बंद का आह्वान किया। इंदौर में मंगलवार को बंद का दूसरा दिन है। मंगलवार दोपहर तक लगभग हजार ट्रकों के पहिए थम गए। ट्रक-ट्रांसपोर्टरों ने बुकिंग और डिलीवरी बंद कर दी। एसोसिएशन ने आज भी इसके विरोध में रैली निकाली। साथ ही कहा कि जब तक नो एंट्री बंद नहीं होती है, वह अपना कारोबार पूरी तरह से बंद रखेंगे।




एसोसिएशन ऑफ पार्सल ट्रांसपोर्ट एंड फिलट ऑनर्स, इंदौर ट्रक ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन एवं देवास नाका वेलफेयर एसोसिएशन के संयुक्त आह्वान पर हुए इस स्वैच्छिक बंद को इंदौर की समस्त ट्रांसपोर्ट संस्थाओं ने समर्थन दिया। अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि पुलिस-प्रशासन द्वारा लगाई गई नो एंट्री के कारण कुछ मार्गों पर हम असहमत हैं, उसी के विरोध में यह स्वैच्छिक बंद का आह्वान संयुक्त रूप से किया गया है। सभी संस्थाओं का भी हमें समर्थन मिला है। उन्होंने कहा जब तक हमें लिखित में आश्वासन नहीं मिलेगा, हमारी हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने कहा हम जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन से न आग्रह करते हैं कि इंदौर की व्यवसायिक गतिविधियों को जारी रखने के लिए हमारी मांगों पर गंभीरता से विचार करें एवं उस पर कार्य योजना तैयार करें। गौरतलब है कि पिछले दिनों एरोड्रम रोड पर ट्रक से हुए हादसे के बाद पुलिस-प्रशासन ने सुबह से रात 11 बजे तक ट्रकों की आवाजाही पर सख्ती की थी। ट्रक- ट्रांसपोर्टरों ने कहा इससे उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है, इसलिए यह बंद का आह्वान किया है।

## चूहों का आतंक, दिल्ली इंदौर एक्सप्रेस रोकनी पड़ी

### 'शॉर्ट सर्किट' के बाद कोच में फंसे यात्री



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **दिल्ली से इंदौर आ रही ट्रेन में मंगलवार सुबह आग लगने की सूचना पर हंगामा मच गया। ट्रेन के बी 4 कोच में धुआं निकलने पर आग लगने के संदेह से यात्री घबरा गए। ऐसे में तुरंत ट्रेन को रोका गया और बोगी खाली की गई। जांच के बाद सामने आया कि चूहों के तार काट दिए जाने से शॉर्ट सर्किट हुआ था। सुधार होने तक जंगल के बीच ही ट्रेन करीब 15 मिनट तक खड़ी रही। ट्रेन में फायर अलार्म बजने लगा था, जिससे यात्री और घबरा गए थे।**

यह घटना आज सुबह करीब 5.30 बजे कोटा के नजदीक दिल्ली-डॉ. अंबेडकर नगर एक्सप्रेस (20156) में हुई। यह ट्रेन दिल्ली से रात 11:25 बजे रवाना होती है और अगले दिन 12 बजे इंदौर आती है। ट्रेन में सवार यात्रियों ने बताया कि सुबह करीब 5:30 बजे जब सभी सो रहे थे तो अचानक धुआं होने से डरकर जाग उठे। हंगामा होने पर ट्रेन को रोका गया। कुछ ही देर में रेलवे स्टाफ बोगी में पहुंचा और सभी यात्रियों को ट्रेन से उतारा। इसके बाद जांच में शॉर्ट सर्किट के कारण धुआं निकलने की बात सामने आई। स्टाफ ने तुरंत सुधार पूरा करने के साथ ही सभी बोगियों की जांच की। स्टाफ ने यात्रियों को बताया कि संभवतः चूहों द्वारा तार काट दिए जाने के कारण शॉर्ट सर्किट हुआ था। सुधार पूरा होने तक ट्रेन जंगल में ही खड़ी रही। सुधार के बाद यात्रियों को दोबारा ट्रेन में बैठाया गया और फिर ट्रेन रवाना हुई। इस बीच यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल स्थित वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी रेलवे स्टेशन पर 25 नवंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक अपग्रेडेशन कार्य किया जाएगा। इस कारण इंदौर आने वाली एक ट्रेन का मार्ग अस्थायी रूप से बदला जाएगा। रेलवे जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीना ने बताया कि गाड़ी संख्या 14320 बरेली-इंदौर एक्सप्रेस ट्रेन 26 नवंबर से 7 जनवरी तक अपने नियमित मार्ग के बजाय ग्वालियर-गुना-बीना मार्ग से संचालित होगी। मार्ग बदलने से यह ट्रेन के नियमित रूट पर आने वाले झांसी स्टेशन पर नहीं जाएगी, जिससे इस स्टेशन पर उतरने और चढ़ने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि यात्रा से पहले गाड़ियों की स्थिति की जानकारी एनटीईएस ऐप या रेलवे की वेबसाइट से जरूर चेक करें।

## सोयाबीन भावांतर धन्यवाद ट्रैक्टर रैली किसान नेताओं ने दिखाई हरी झंडी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **बीजेपी समर्थित किसान सोयाबीन भावांतर धन्यवाद ट्रैक्टर रैली निकाल रहे हैं। दशहरा मैदान से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में सैकड़ों ट्रैक्टर पर किसान शामिल हो रहे हैं, जो कलेक्ट्रेट तक जाएंगे। उधर, भारतीय किसान संघ भावांतर योजना का विरोध कर रहा है। संघ का कहना है कि इंदौर जिले की 2018 में प्याज की भावांतर राशि 29 करोड़ आज तक नहीं मिली है।**

बीजेपी जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा ने बताया कि इस रैली का आयोजन किसानों ने खुद किया है, जबकि बीजेपी इसका समर्थन कर रही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी कार्यकर्ता पूरे मार्ग पर किसानों का स्वागत करेंगे।






पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के लिए पूरे मार्ग पर जवान तैनात किए हैं। शहरवासियों से अपील की गई है कि वे वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें ताकि यातायात प्रभावित न हो। प्रशासन ने रैली को देखते हुए सुबह 8 बजे से ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले किसान अपने ट्रैक्टरों के साथ दशहरा मैदान पर पहुंचेंगे। इसके बाद रैली उषा नगर चौराहा, महू नाका चौराहा, केसरबाग रोड मार्ग से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेगी।इंदौर के देपालपुर विधानसभा के बीजेपी विधायक मनोज पटेल भी सोयाबीन भावांतर आभार ट्रैक्टर रैली निकालेंगे। पटेल की रैली 12 अक्टूबर को निकलेगी। मनोज पटेल की रैली भी दशहरा मैदान से निकलेगी और कलेक्ट्रेट तक जाएगी।

## युवक ने बाइक अड़ाकर रोका, हाथ पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **बाणगंगा थाना क्षेत्र में एबीवीपी से जुड़ी एक कॉलेज छात्रा से छेड़छाड़ और धमकी देने का मामला सामने आया है। छात्रा का आरोप है कि एक युवक ने रास्ता रोककर उसका हाथ पकड़ा, विवाद किया और मोबाइल में फोटो-वीडियो दिखाकर उन्हें इंस्टाग्राम पर वायरल करने की धमकी दी।**

बाणगंगा पुलिस के अनुसार, घटना सोमवार शाम करीब 7 बजे की है। निजी कॉलेज में पढ़ने वाली फर्स्ट ईयर की छात्रा, जो एबीवीपी की सक्रिय सदस्य है, अपने दो दोस्तों के साथ दो बाइक पर सवार होकर कार्यालय जा रही थी।

रास्ते में कुशाल बथेरा नाम का युवक एक्टिवा से पीछा कर रहा था और लगातार हॉर्न बजा रहा था। छात्रा ने शुरुआत में उसे नजरअंदाज किया, लेकिन कुछ दूर जाने पर उसने उनकी बाइक को ओवरटेक कर रास्ता रोक लिया। कुशाल का पहले से छात्रा से परिचय था। बाइक रुकने के बाद आरोपी ने छात्रा का हाथ पकड़ लिया और बातचीत बंद करने को लेकर विवाद करने लगा। इसके बाद उसने अपने मोबाइल में छात्रा से जुड़ी कुछ फोटो और वीडियो दिखाकर धमकी दी कि अगर उसने दोस्ती नहीं रखी, तो वह उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। जब छात्रा के दोस्त बीच-बचाव करने आए, तो आरोपी ने उन्हें भी जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गया। घबराई छात्रा कार्यक्रम में न जाकर सीधे घर पहुंची और परिजनों को पूरी बात बताई। इसके बाद वह रात में माता-पिता के साथ बाणगंगा थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ FIR दर्ज कराई।

## 21.40 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ बदमाश गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। क्राइम ब्रांच की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 21.40 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। जब पुलिस टीम ने आरोपी से पूछताछ करनी चाही तो वह भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। बरामद ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 2 लाख 14 हजार रुपए बताई जा रही है।

एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि रीवर साइड संजय सेतु पार्किंग मेन रोड इलाके में एक संदिग्ध व्यक्ति बाइक पर बैठा है। टीम मौके पर पहुंची और उस पर नजर रखी। उसकी गतिविधियां संदिग्ध लगने पर जब टीम ने पूछताछ की, तो वह घबरा गया और भागने लगा। टीम ने तुरंत घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम फिरोज खान निवासी खाचरोद उज्जैन बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से 21.40 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है कि वह ड्रग्स कहां से लाया था और किसे सप्लाई करने वाला था। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह खुद नशे का आदी है और अपनी लत पूरी करने के लिए सस्ते दाम पर ड्रग्स खरीदकर उसे नशे के आदी अन्य लोगों को महंगे दामों में बेचता था।

कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस

# कलेक्टर्स स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाएं और हॉस्पिटल का करें सतत विजिट : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

- स्वास्थ्य एवं पोषण पर कलेक्टर्स के साथ हुआ व्यापक संवाद
- कलेक्टर्स ने साझा किये अपने जिलों के नवाचार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में अनेक नई सुविधाए प्रारंभ की गई हैं। कलेक्टर्स स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार सुनिश्चित करें और हॉस्पिटल में सतत् विजिट करें, जिससे हॉस्पिटल की कमियों को दूर किया जा सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला कलेक्टर्स से कहा कि आयुष्मान कार्ड धारकों को पूरा लाभ दिलाएं और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं पहुंच को आसान बनाया जाये, जिससे आमजन को सहज रूप से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा विभिन्न जिलों में मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किये जा रहे हैं। पीपीपी मॉडल पर भी अनेक कॉलेज प्रारंभ हुए हैं। वर्तमान में तीस से अधिक मेडिकल कॉलेज हैं। शीघ्र इनकी संख्या 50 हो जाएगी। प्रदेश के लगभग प्रत्येक जिले के नागरिकों को मेडिकल कॉलेज की सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। जिन जिलों में मेडिकल कॉलेज के लिए भूमि आवंटन की कार्यवाही प्रचलन में है, उसे अंतिम रूप देकर भूमि आवंटन का कार्य पूर्ण किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में नागरिकों के हित में सर्वाधिक अनुकूल वातावरण निर्मित किए जाने का प्रयास है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के प्रथम दिन द्वितीय सत्र 'स्वास्थ्य एवं पोषण' को संबोधित कर रहे थे।**

प्रमुख सचिव स्वास्थ्य श्री संदीप यादव ने राज्य में स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति को सुदृढ़ करने कलेक्टर्स के साथ विस्तृत चर्चा की। सत्र में मातृ-शिशु स्वास्थ्य, गैर-संचारी रोग (एनसीडी), क्षय उन्मूलन और सिकल सेल उन्मूलन के लिए ठोस रणनीति पर विमर्श किया गया। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य श्री यादव ने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की दिशा में एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत शिशुओं, किशोरियों, गर्भवती और धात्री महिलाओं की नियमित हीमोग्लोबिन जांच सुनिश्चित की जाए। जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (VHSND) में गुणवत्तापूर्ण जांच, टीकाकरण और ANMOL 2.0 पर सटीक डेटा एंट्री की व्यवस्था की जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व



अभियान (पीएमएसएमए) के तहत उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान, उपचार और बर्थ वेटिंग होम्स में सुरक्षित प्रसव की अनिवार्यता पर जोर दिया।

प्रमुख सचिव श्री यादव ने कहा कि पोषण ट्रैकर के प्रभावी उपयोग, छह माह तक केवल स्तनपान, मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्द्धन कार्यक्रम (MMBASK) के अंतर्गत कुपोषित बच्चों के प्रबंधन तथा आशा, एएनएम और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा गृह आधारित सेवाओं को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और प्रसूति सहायता योजनाओं के भुगतान में समयबद्धता बनाए रखना सुनिश्चित करें। गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) की रोकथाम के लिए प्रमुख सचिव श्री यादव ने उच्च रक्तचाप, मधुमेह, फैटी लीवर और तीन प्रमुख कैंसर की स्क्रीनिंग को अनिवार्य बताया। उन्होंने एनसीडी पोर्टल पर सभी प्रविष्टियों की अद्यतन स्थिति बनाए रखने, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, ईट राइट अभियान, तेल की खपत में 10 प्रतिशत कमीं, फिट इंडिया और योग जैसी गतिविधियों के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाने पर बल दिया।

प्रमुख सचिव स्वास्थ्य ने कहा कि क्षय उन्मूलन के लिए एक्स-रे और अन्य मशीनों से जांच की जाए, निक्षय पोर्टल पर सभी प्रकरणों की सूचना दर्ज हो, उपचार और फॉलो-अप सुनिश्चित किया जाए तथा निक्षय मित्रों के माध्यम से पोषण सहायता और डीबीटी समय पर प्रदान की जाए। इसी प्रकार, सिकल सेल उन्मूलन अभियान के अंतर्गत स्क्रीनिंग, कार्ड वितरण, हाइड्रोक्सीयूरिया दवा की उपलब्धता, न्यूमोकोकल वैक्सीनेशन और सिकल मित्र पहल के माध्यम से जनभागीदारी और काउंसलिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभागों के बीच संयुक्त कार्ययोजना बनाकर समन्वय को सशक्त करें। VHSND के गुणवत्तापूर्ण आयोजन, उपकरणों के सार्थक उपयोग, e-KYC और DBT सक्षमता, PMSMA संचालन, नवजातों के गृह आधारित फॉलो-अप, मातृ एवं शिशु मृत्यु की शत-प्रतिशत रिपोर्टिंग, ईट राइट, फिट इंडिया, योग और खेलकूद के माध्यम से जन-जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि सुपोषित ग्राम पंचायतों के लिए स्थानीय खाद्य विविधता को प्रोत्साहित करने, आंगनवाड़ी केंद्रों के नियमित संचालन, डेटा सत्यापन, और सिकल मित्र तथा निक्षय मित्र के माध्यम से फूड बास्केट वितरण जैसी गतिविधियों को परिणाममुखी बनाया जाये।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलों ने दीं अपनी प्रस्तुतियाँ-** बालाघाट ने शिशु एवं मातृ मृत्यु दर नियंत्रण पर, झाबुआ ने स्वास्थ्य एवं पोषण सुधार प्रयासों और मंदसौर ने सम्पूर्ण स्वास्थ्य मॉडल पर प्रेजेन्टेशन देते हुए अपने अनुभव साझा किए।

## बैंड वालों की जिंदगी पर बनेगी फिल्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। गीत संगीत के जगत में आ रहे बदलाव और उसका इंदौर के बैंड वालों के जीवन पर असर पर एक फिल्म का निर्माण शुरू किया जा रहा है। पलाश मुछाल के द्वारा यह फिल्म बनाई जाएगी। इस फिल्म की शूटिंग इंदौर में 10 अक्टूबर से शुरू होगी। फिल्म में



मुख्य भूमिका अभिनेता चंदन रॉय निभा रहे हैं, जबकि कहानी, निर्देशन और संगीत की कमान पलाश मुछाल के हाथों में है। पलाश कि यह छठीं फिल्म है। इस फिल्म की शूटिंग इंदौर की खूबसूरती और लोक रंगों के बीच होगी, जिससे शहर का असली रंग-रूप बड़े परदे पर नजर आएगा। अपनी आबो हवा के लिए पूरे देश में एक अलग स्थान रखने वाले इंदौर शहर में 10 से 18 अक्टूबर तक अलग-अलग इलाकों में एक नई हिंदी फिल्म की शूटिंग की जाएगी। यह फिल्म इंदौर के बैंड वालों की जिंदगी और उनके संगीत के सफर पर आधारित है। इस फिल्म में दिखाया जाएगा कि कैसे बैंडवालों ने समय के साथ संगीत की दुनिया में बड़ा बदलाव देखा और अपनी मेहनत व हुनर से लोगों के दिलों को छुआ। सैक्सोफोन और अन्य वाद्ययंत्रों की धुन पर टिकी यह कहानी दर्शकों को संगीत की दुनिया के भावनात्मक सफर पर ले जाएगी। फिल्म निर्माण की टीम का कहना है कि यह कहानी केवल बैंड वालों की नहीं, बल्कि संगीत और संघर्ष की वह दास्तान है जो हर किसी के दिल को छू लेगी। पूरे देश में इंदौर के बैंड वालों की एक अलग पहचान है। कई बड़े-बड़े आयोजनों में मुंबई और दिल्ली भी यह बैंड वाले जाते हैं।



# मध्य प्रदेश में बनेगा अंतरराष्ट्रीय स्तर का कंवेंशन सेंटर, फीरा बार्सिलोना इंटरनेशनल के साथ एमओयू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश अब वैश्विक आयोजनों का नया केंद्र बनने की दिशा में बड़ा कदम उठा चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में मंगलवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कंवेंशन सेंटर, भोपाल में मध्य प्रदेश सरकार और स्पेन की संस्था फीरा बार्सिलोना इंटरनेशनल के बीच अंतर्राष्ट्रीय स्तर का कंवेंशन सेंटर स्थापित करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर स्पेन के राजदूत जुआन एंटोनियो मार्च पुजोल, फीरा बार्सिलोना इंटरनेशनल के सीईओ रिचर्ड जपाटेरो और संस्था के भारत प्रतिनिधि मुकेश अरोरा मौजूद रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और राजदूत पुजोल के बीच भविष्य की साझेदारी को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।**



मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समझौता मध्य प्रदेश को वैश्विक पहचान दिलाने में मील का पत्थर साबित होगा। इससे न केवल नवाचार और स्मार्ट शहरी समाधानों को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय निवेश सम्मेलनों, व्यापारिक प्रदर्शनियों और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए विश्वस्तरीय मंच तैयार होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की केंद्रीय भौगोलिक स्थिति व्यापार और उद्योग के विस्तार के लिए अत्यंत लाभकारी है। इंदौर और भोपाल के बाद जबलपुर व ग्वालियर को भी मेट्रोपोलिटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने की योजना है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि उनके जुलाई में स्पेन प्रवास के दौरान फीरा बार्सिलोना के पदाधिकारियों से हुई चर्चा का परिणाम यह एमओयू है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकास के साथ विरासत' मॉडल और बार्सिलोना के विकास दृष्टिकोण को साथ लेकर आगे बढ़ेगा। स्पेन के राजदूत पुजोल ने कहा कि भारत और स्पेन, दोनों देशों की नेतृत्व क्षमता और संगठन कौशल मिलकर उत्कृष्ट परिणाम देंगे। यह साझेदारी मध्य प्रदेश में औद्योगिक, निवेश और सांस्कृतिक सहयोग का नया अध्याय खोलेगी।

# औद्योगिक और आर्थिक संभावनाओं का अध्ययन कर बनाएं कार्ययोजना

## ◆ जिलों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में करें प्रयास : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कलेक्टर्स को निर्देश दिए हैं कि जिले की औद्योगिक और आर्थिक संभावनाओं का गहराई से अध्ययन कर ठोस कार्ययोजना बनायें। ऐसे प्रयास हों कि जिले में उद्योगों के साथ रोजगार के अवसर सृजित हों, जिससे जिले आत्मनिर्भर बन सकें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष पहल करें और स्थानीय स्तर पर निर्मित उत्पादों की बिक्री को प्रोत्साहित किया जाए जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले।**

उन्होंने स्वास्थ्य और शिक्षा को भी रोजगार से जोड़ने की बात कही जिससे युवाओं के लिए व्यापक अवसर उपलब्ध हों। खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना को प्राथमिकता देने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस क्षेत्र में निवेश बढ़ाने से ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस में 'रोजगार, उद्योग एवं निवेश संवर्धन' सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्वालियर की जेसी मिल, रतलाम की सज्जन मिल और उज्जैन की विनोद मिल से संबंधित समस्याओं का समाधान जिस तत्परता से किया गया है उसी तरह अन्य जिलों में बंद औद्योगिक इकाइयों का भी शीघ्र निराकरण किया जाए। मुरैना जिले की कैलारस स्थित शुगर मिल से जुड़े मामले का समाधान भी प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के औद्योगिक विजन को जमीनी स्तर पर साकार करने में कलेक्टर्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिलों की सक्रियता और विभागों



के समन्वित प्रयास ही मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर, नवोन्मेषी और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अग्रणी बनाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध अनुपयोगी भूमि का उपयोग कर लैंड बैंक विकसित किए जाएं। जिलों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और स्व-सहायता समूहों को एमएसएमई सेक्टर से जोड़ने की दिशा में प्रभावी पहल की जाए जिससे स्थानीय उत्पादन और विपणन गतिविधियों में वृद्धि हो।प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेंद्र कुमार सिंह, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा एमएसएमई विभाग के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से प्रेजेंटेशन दिया गया। राज्य सरकार के वर्ष 2047 तक मध्यप्रदेश को विकसित, औद्योगिक और रोजगार-समृद्ध प्रदेश के रूप में स्थापित करने के लक्ष्य को विस्तार से प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर्स को निर्देश दिए गए कि जिला निवेश सुविधा केंद्र (आईएफसी) को सक्रिय और परिणामोन्मुख बनाया जाए। औद्योगिक भूमि की पहचान कर अतिक्रमण मुक्त किया जाए तथा विभिन्न विभागों द्वारा समयबद्ध अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिला कौशल समिति को सक्रिय कर युवाओं को कौशल प्रशिक्षण, अप्रेंटिसशिप और वैकल्पिक रोजगार अवसरों से जोड़ा जाए।

# कार्यक्रम में नहीं पहुंचे सीएम नाराज हुए उत्तम स्वामी महाराज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम, एजेंसी। महर्षि उत्तम स्वामी आश्रम में शरद पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नहीं पहुंचने पर उत्तम स्वामी महाराज नाराज हो गए। उन्होंने मंच से कहा कि हमने तो उन्हें निमंत्रण भी नहीं दिया था। तपन जी ने दिया।**

अफसरों ने सीएम को ऑनलाइन जोड़ने की बात कही तो स्वामी जी ने कहा ऐसे व्यक्ति जिनके पास सेवा प्रकल्प के लिए 2 घंटे का वक्त नहीं, वैसा व्यक्ति हमारे मंच पर नहीं चाहिए। इसके बाद सीएम



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े और सार्वजनिक रूप से उत्तम स्वामी महाराज से माफी मांगी। दरअसल, सलकनपुर में स्थित उत्तम सेवाधाम आश्रम में रविवार से तीन दिवसीय गुरू पूर्णिमा महोत्सव शुरू हुआ। इस कार्यक्रम में डिप्टी सीएम डॉ. राजेंद्र शुक्ल सहित कई मंत्री विधायक शामिल हुए। कार्यक्रम में सीएम भी आने वाले थे, लेकिन बाद में वे नहीं पहुंचे। उत्तम स्वामी महाराज ने कहा कि आप मुख्यमंत्री तक बात पहुंचाइए। मुख्यमंत्री को आना था, लेकिन क्या पता, उनकी इच्छा, कुछ बाधा रही होगी। कोई काम आया होगा। हमने तो कोई बात की नहीं, तपन जी (तपन भौमिक) ने की थी। हमनें तो निमंत्रण भी नहीं दिया। निमंत्रण तपन भौमिक ने दिया। इसी दौरान किसी ने कहा कि सीएम को ऑनलाइन जोड़ रहे हैं तो उत्तम स्वामी बोले पड़े कि नहीं, अब जोड़ने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि जिनके पास 2 घंटे ऐसे सेवा प्रकल्प के लिए नहीं हैं तो ऐसा व्यक्ति हमारे मंच में नहीं चाहिए। चाहे कोई भी हो। आपको राजनीति करना होगा, हम तो भगवान की नीति पर चलने वाले लोग हैं। जिनको राजनीति करना वो परिक्रम, प्रशंसा करें। उनको यहां से नमन करते हैं, जोड़ने की आवश्यकता नहीं है। आपको आने की जरूरत नहीं है। मेरी मां भगवती बैठी हैं। इसके कुछ देर बाद स्वर्गीय प्रभाकर राव केलकर स्मृति में गोवंश आधारित जैविक कृषि पुरस्कार एवं स्व. भगवतशरण माथुर स्मृति में उत्कृष्ट नर्मदा सेवा पुरस्कार वितरित किए जा रहे थे, तभी मुख्यमंत्री वीसी के जरिए जुड़े। उन्होंने माफी मांगी।

## 25 थानों का घेराव

**भोपाल, एजेंसी।** राजधानी भोपाल में लगातार सामने आ रही गो हत्या, गो तस्करी और गोमांस बरामदगी की घटनाओं के विरोध में मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। संगठन ने तय कार्यक्रम के अनुसार राजधानी और आसपास के 25 थानों का एक साथ घेराव कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। शाम 4 बजे शुरू हुए विरोध प्रदर्शन में कार्यकर्ता भगवा झंडे और बैनर लेकर थानों के बाहर पहुंचे। कई जगहों पर उन्होंने हनुमान चालीसा का पाठ किया और प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की। राजधानी के हबीबगंज थाने पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही। यहां कार्यकर्ताओं ने थाने परिसर में हनुमान चालीसा का पाठ किया और सीएसपी को ज्ञापन सौंपा।

# मप्र को मोदी सरकार की बड़ी सौगात रेल लाइन परियोजनाओं को मंजूरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को दिल्ली में आर्थिक मामलों मंत्रिमंडल समिति की बैठक हुई। जिसमें सरकार के द्वारा 24,634 करोड़ रुपए लागत वाली चार बहुत महत्वपूर्ण 'मल्टी-ट्रैकिंग' रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इसी बीच मध्यप्रदेश को भी बड़ी सौगात मिली है।**




रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वडोदरा-रतलाम तीसरी और चौथी रेल लाइन परियोजना के बारे जानकारी देते हुए बताया कि इसकी अनुमानित लागत 8,885 करोड़ रुपए है और यह पूरा सेक्शन गुजरात और मध्य प्रदेश से होकर गुजरेगा। इस नई रेल लाइन परियोजना से गुजरात के वडोदरा, पंचमहल और दाहोद जिलों को और मध्यप्रदेश के झाबुआ और रतलाम जिलों को फायदा होगा। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव इटारसी-भोपाल-बीना 237 किमी लंबी तीसरी रेललाइन की जानकारी देते हुए बताया कि यह काफी लंबा और इंपॉर्टेंट सेक्शन है। 237 किमी के इस प्रोजेक्ट से टूरिज्म कनेक्टिविटी बढ़ेगी साथ ही 32 करोड़ किलोग्राम कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन होने से बचेगा जो 1.3 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है। रेल विभाग का कहना है कि इटारसी-भोपाल-बीना चौथी रेल लाइन परियोजना से दिल्ली, चेन्नई, बेंगलुरु और हैदराबाद जाने या आने वाले यात्रियों को सुगम यात्रा का अनुभव मिलेगा। साथ ही सांची और भीमबेटका जैसे यूनेस्को स्थलों तक पहुंच भी आसान होगी। वडोदरा-रतलाम तीसरी और चौथी रेललाइन की लंबाई 259 किलोमीटर होगी। जिसकी अनुमानित लागत 8,885 करोड़ रुपए है। इसमें रेलवे 95 रोड अंडर ब्रिज/ओवर ब्रिज बनाएगा। साथ ही 2 रेल ओवर ब्रिज और 4 टनल होंगे। इटारसी–भोपाल–बीना चौथी रेल लाइन की लंबाई 237 किलोमीटर होगी। जिसकी अनुमानित लागत 4,329 करोड़ रुपए होगी। इसमें 82 रोड अंडर ब्रिज/ओवर ब्रिज और 9 टनल होंगे। इससे रायसेन, सागर, विदिशा, भोपाल, सीहोर, नर्मदापुरम जिलों को फायदा पहुंचेगा।

## संपादकीय

# कानून-व्यवस्था को मेंटेन करने की चुनौती

बिहार विधानसभा चुनाव में इस बार केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की करीब 1500 कंपनियों को तैनात किया जाएगा। 1500 कंपनियों में इन डेढ़ लाख जवानों की तैनाती बिहार में पिछली बार हुए चुनाव से कहीं अधिक होगी। इनमें से 500 कंपनियों की तैनाती हो चुकी है। बाकी कंपनियां भी आने वाले दिनों में बिहार में अपने-अपने प्वाइंट के हिसाब से ड्यूटी संभाल लेंगी। बिहार प्रशासन की तरफ से पहले 1800 कंपनियों की डिमांड रखी गई थी सिक्योरिटी एजेंसियों के सूत्रों ने बताया कि वैसे, बिहार प्रशासन की तरफ से चुनाव आयोग के रिव्यू में 1800 कंपनियों की डिमांड रखी गई थी। लेकिन सूत्रों का कहना है कि शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए करीब 1500 कंपनियां काफी रहेंगी। इसके लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय सीआरपीएफ, बीएसएफ, एसएसबी और सीआईएसएफ समेत अन्य पैरा मिलिट्री फोर्स की तैनाती की लिस्ट बना रहा है। जिसके अनुरुप ही बिहार में सीएपीएफ की तैनाती की जाएगी। फिलहाल सात अक्टूबर तक बिहार में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 500 से अधिक कंपनियों को तैनात कर दिया गया है। इनमें 121 कंपनी सीआरपीएफ की और बाकी बीएसएफ की हैं। लेकिन इनके अलावा करीब 1200 कंपनियों की जो तैनाती होगी। उनमें एसएसबी और सीआरपीएफ की कंपनियां सबसे अधिक होंगी। इनके अलावा अन्य पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी। बिहार पुलिस की तैनाती इनसे अलग होगी। अधिकारियों ने बताया कि असल में किसी भी राज्य में चुनाव जब अधिक चरणों में किए जाते हैं तो जवानों की तैनाती कम रहती है। लेकिन, जब कम चरणों में चुनाव संपन्न कराए जाते हैं तो कानून-व्यवस्था को मेंटेन करने की चुनौती बड़ी हो जाती है। ऐसे में संवेदनशील और अतिसंवेदनशील बूथों के अलावा अन्य इलाकों में भी सीएपीएफ की अधिक तैनाती करनी पड़ती है। ताकि चुनाव के वक्त किसी भी तरह से कहीं कोई बूथ कैप्चरिंग करने या फिर मतदाताओं को डराने-धमकाने की कोशिश ना कर सके।




आप एक से प्रेम और दूसरे से घृणा कैसे कर सकते हैं, जब सब में एक ही ईश्वर का वास है।

- जग्गी वासुदेव

## ज्ञान-विज्ञान

# प्लैनेट Y: वैज्ञानिकों ने खोज लिया सौरमंडल का 9वां ग्रह!

## स्टडी में छिपी हुई रहस्यमय दुनिया के दिखे नए सुराग, जानें कहां मौजूद



खगोलविदों के लिए सौरमंडल का अध्ययन हमेशा से दिलचस्पी भरा विषय रहा है। हाल ही में इसके अध्ययन में ऐसे संकेत मिले हैं, जो ग्रहों के बारे में हमारे अब तक की जानकारी को पूरी तरह से बदल सकते हैं। नया अध्ययन में वैज्ञानिकों को एक एक नए ग्रह का संकेत मिला है, जिसे Y नाम दिया गया है। हालांकि, अभी इस ग्रह का पता नही लगाया गया है, बल्कि कुइपर बेल्ट में कुछ दूरस्थ पिंडों की झुकी हुई कक्षाओं से इसका अनुमान लगाया गया है। शोधकर्ताओं को नेपचन्यून की कक्षा से परे बर्फीले पिंडों का एक बड़ा घेरा मिला है, जिसके बारे में उनका कहना है कि कोई चीज इन कक्षाओं को विचलित कर रही है और उन्हें झुका रही होगी।

### बाहरी भाग में लगा रहा चक्कर

प्रिंसटन विश्वविद्यालय में खगोल भौतिकी विभाग में डॉक्टरेट के उम्मीदवार और खगोल भौतिकीविद और स्टडी के प्रमुख लेखक अमीर सिराज ने बताया कि एक अदृश्य ग्रह की उपस्थिति है, जो संभवतः पृथ्वी से छोटा और बुध से बड़ा है। यह सौरमंडल के बाहरी भाग में परिक्रमा कर रहा है। हालांकि, यह शोध पत्र किसी ग्रह की खोज नहीं है, लेकिन यह निश्चित रूप से एक ऐसी पहेली की खोज है, जिसका एक संभावित समाधान हो सकता है।

### कुइपर बेल्ट में छिपे होने के संकेत

वैज्ञानिकों ने हाल के वर्षों में सौरमंडल में कई ग्रहों का अनुमान लगाया है, इनमें प्लैनेट Y सबसे नया है। इन सभी ग्रहों की विशेषताएं थोड़ी भिन्न हैं, लेकिन सामूहिक रूप से माना जाता है कि ये कुइपर बेल्ट में छिपे हुए हैं। इसी बेल्ट में प्लूटो मौजूद है, जिसे कभी 9वें ग्रह का दर्जा हासिल था, लेकिन 2026 में उसे हटाकर बौने ग्रह के रूप में पुनर्वर्गीकृत किया गया था।

कुइपर बेल्ट सौरमंडल का एक अंधेरे में डूबा दूरस्थ क्षेत्र है, जहां अध्ययन करना कठिन है। लेकिन अब इस तरह की मुश्किलों के दूर होने की संभावना है, क्योंकि वेरा सी रुबिन ऑब्जर्वेंटरी नामक नई दूरबीन रात में आकाश का अपना 10 वर्षीय सर्वेक्षण शुरू करने की तैयारी कर रही है। स्टडी के लेखर सिराज ने कहा, मुझे लगता है कि पहले दो से तीन वर्षों में यह निश्चित हो जाएगा। अगर ग्रह Y दूरबीन की दृष्टि क्षेत्र में है, तो वह उसे सीधे खोज पाएगा।

New Delhi

# सरकार के प्रमुख के रूप में 25वें वर्ष में प्रवेश करने पर मोदी ने जताया लोगों का आभार

**नयी दिल्ली, (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार के प्रमुख के रूप में अपनी सेवा के 25वें वर्ष में प्रवेश करते हुए देश के लोगों का आभार व्यक्त किया है।**

गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में 2001 में आज ही के दिन शपथ लेने के वक्त को याद करते हुए श्री मोदी ने कहा 'मुझे गुजरात के मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सौंपी गई थी। उस वर्ष राज्य भीषण भूकंप से जूझ रहा था और उससे पहले के वर्षों में राज्य को एक महाचक्रवात, लगातार सूखा और राजनीतिक अस्थिरता का भी सामना करना पड़ा था। इन



चुनौतियों ने मुझे लोगों की सेवा करने और नए उत्साह और आशा के साथ गुजरात के पुनर्निर्माण के संकल्प को और मजबूत किया।'

प्रधानमंत्री ने गरीबों के लिए सदैव कार्य करने और कभी रिश्वत न लेने की मां की सलाह को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते समय याद किया। उनकी मां ने कहा था कि सदैव गरीबों के लिए कार्य करना और कभी रिश्वत नहीं लेनी चाहिए। श्री मोदी ने लोगों को भरोसा दिलाया था कि वह जो भी करेंगे, वह नेक इरादे से और कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति की सेवा करने के भाव से प्रेरित होगा।

Rajasthan

## केमिकल टैंकर ने सिलेंडर से भरे ट्रक को मारी टक्कर, 200 सिलेंडर फटे, एक की मौत



**जयपुर, (एजेंसी)** जयपुर जिले के दूदू क्षेत्र में मौखमपुरा के पास मंगलवार रात एक खौफनाक हादसा हुआ। एलपीजी सिलेंडरों से भरे खड़े ट्रक को एक केमिकल टैंकर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही टैंकर के केबिन में आग लग गई, जो तेजी से ट्रक तक फैल गई। आग सिलेंडरों तक पहुंची तो एक के बाद एक करीब 200 गैस सिलेंडरों में विस्फोट हो गया। धमाकों की आवाज 10 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी और कुछ सिलेंडर 500 मीटर दूर खेतों तक जा गिरे। घटना रात करीब 10 बजे हुई, जिससे हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टैंकर चालक ने आरटीओ वाहन को देखकर अचानक ढाबे की ओर मोड़ काटी और सामने खड़े गैस सिलेंडर से लदे ट्रक से भिड़ गया। हादसे में टैंकर का चालक जिंदा जल गया। वहीं, आसपास खड़े पांच अन्य वाहन भी आग की चपेट में आ गए। दमकल की 12 गाड़ियों ने करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ट्रक में कुल 330 सिलेंडर लदे हुए थे, जिनमें से दो तिहाई से ज्यादा सिलेंडर फट गए। हाईवे पर दोनों ओर ट्रैफिक रोकना पड़ा, जिसे बुधवार सुबह करीब 4:30 बजे दोबारा खोला गया। एक दर्दनाक हादसे में केमिकल से भरा टैंकर सिलेंडर लदे ट्रक से टकरा गया, जिससे भयंकर आग लग गई। ट्रक ड्राइवर शाहरुख ने बताया कि हादसे में उसका ट्रक पूरी तरह जलकर खाक हो गया।

Himachal Pradesh

## बस की छत पर गिरा भूस्खलन का मलबा, 15 की मौत

**बिलासपुर, (एजेंसी)** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में पहाड़ का एक हिस्सा टूटकर निजी बस पर आ गिरा, जिसमें कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई है। इनमें एक ही परिवार के चार सदस्य शामिल हैं। भाई-बहन दो बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। बस में कुल 18 लोग सवार थे। स्थानीय निवासी राहुल लापता है। कृष्णा ट्रांसपोर्ट की बस मरोतन से घुमारवीं जा रही थी। हादसा मंगलवार शाम करीब 6:30 बजे बरठीं में भल्लू पुल के पास हुआ। चट्टानों के साथ मलबा गिरने से बस की छत उखड़कर खड्ड के किनारे जा गिरी, जिससे सारा मलबा सीधे बस में बैठी सवारियों पर आ गिरा। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। पीछे से आ रहे गाड़ी चालकों ने सूचना पुलिस प्रशासन को दी। पुलिस और स्थानीय लोगों ने मलबे से सबसे पहले दो बच्चों आरुषि (10) और शौर्य (8) को निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे में इन बच्चों की मां और दो चचेरे भाई और उनकी मां की मौत हो गई है। बस में सवार ज्यादातर लोग स्थानीय थे। देर रात तक मलबे और चट्टानों को जेसीबी से हटाने का काम जारी था। एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस के अनुसार हादसे में चालक और परिचालक की भी मौत हो गई है।

New Delhi

## CJI पर जूता फेंकने वाले वकील बोले-जो किया, अफसोस नहीं

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** चीफ जस्टिस बीआर गवई पर जूता फेंकने वाले वकील राकेश किशोर कुमार ने अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा- CJI के भगवान विष्णु पर दिए बयान से मैं आहत हूं। उनके एक्शन (टिप्पणी) पर ये मेरा रिएक्शन था। मैं नशे में नहीं था। जो हुआ, मुझे उसका अफसोस नहीं, किसी का डर भी नहीं है।उन्होंने कहा- यही चीफ जस्टिस बहुत सारे धर्मों के खिलाफ, दूसरे समुदाय के लोगों के खिलाफ केस आता है तो बड़े-बड़े स्टेप लेते हैं। उदाहरण के लिए- हल्द्वानी में रेलवे की जमीन पर विशेष समुदाय का कब्जा है, सुप्रीम कोर्ट ने उस पर तीन साल पहले स्टे लगाया, जो आज तक लगा हुआ है। CJI गवई की मां कमलताई गवई ने कहा कि ऐसी घटनाओं



से देश में अराजकता फैल सकती है। अंबेडकर का संविधान जियो और जीने दो के सिद्धांत पर आधारित है। सभी को अपने मुद्दे शांति और संवैधानिक तरीके से सुलझाने चाहिए।

खेल

# आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनने की दौड़ में तीन भारतीय

**दुबई, (एजेंसी)** आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनने की दौड़ में तीन भारतीय शामिल हैं। पुरुष वर्ग में अभिषेक शर्मा और कुलदीप यादव का नाम शामिल है, जबकि महिलाओं में स्मृति मंधाना नामित खिलाड़ियों में सूची में हैं। अभिषेक और कुलदीप ने हाल ही में संपन्न हुए एशिया कप में भारत को मिली खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। अभिषेक टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे, जबकि कुलदीप ने सबसे ज्यादा विकेट लिए थे।

अभिषेक ने सात टी20 मैच में तीन अर्धशतक की मदद से 314 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 200 रहा और उन्हें इस टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इस 25 साल के बल्लेबाज ने पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय इतिहास की सर्वाधिक रेटिंग 931 अंक (बल्लेबाजी) भी हासिल की। स्पिनर कुलदीप



ने भी इस टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया। उन्होंने एशिया कप में 6.27 की इकोनॉमी दर से गेंदबाजी करते हुए 17 विकेट चटकाए। एशिया कप में उन्होंने अपना अभियान यूएई के खिलाफ सात रन पर चार विकेट के साथ शुरू किया जबकि फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ 30 रन पर चार विकेट लेकर भारत को खिताब दिलाने में अहम भूमिका अदा की।

**पुरुषों में ब्रायन बेनेट तीसरे नामित खिलाड़ी-** जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट इस नामांकन को हासिल करने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। उन्होंने सितंबर में नौ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 497 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 55.22 और स्ट्राइक रेट 165.66 का रहा। बेनेट श्रीलंका और नामीबिया के खिलाफ सीरीज के सर्वोच्च स्कोरर रहे। उन्होंने इसके बाद टी20 विश्व कप के अफ्रीका क्षेत्र के फाइनल के शुरुआती तीन मैचों में 72, 65 और 111 रन बनाए। उनकी शानदार बल्लेबाजी से जिम्बाब्वे 2026 टी20 विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने में सफल रहा।

भारत की अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को महिला वर्ग में इस खिताब के लिए नामांकित किया गया है। उन्होंने सितंबर में चार वनडे मैचों में 308 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 77 और स्ट्राइक रेट 135.68 रहा। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में 58, 117 और 125 रन की पारियां खेलीं। भारत इस सीरीज का पहला मैच हार गया था, लेकिन मंधाना की शतकीय पारी से टीम ने दूसरा मुकाबला जीतकर सीरीज 1-1 से बराबर की। उन्होंने इसके बाद निर्णायक मैच में भी शतक जड़ा लेकिन भारत 1-2 से सीरीज हार गया। वह इस सीरीज की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई थीं। महिला वर्ग में मंधाना के अलावा पाकिस्तान की सिदरा अमीन और दक्षिण अफ्रीका की ताजमिन ब्रिट्स को नामांकित किया गया है।

सिनेमा

# परिवार-करियर को छोड़ा, संन्यासी बनी मशहूर एक्ट्रेस



हमारे आसपास ऐसे कई लोग होते हैं, जो ग्लैमर वर्ल्ड में एंट्री लेने का सपना देखते हैं. कुछ आसानी से चकाचौंध की दुनिया का हिस्सा बन जाते हैं. वहीं कई लोग करियर के पीक पर आध्यात्म की राह पकड़ लेते हैं. नुपुर अलंकार भी इन्हीं लोगों में से एक हैं. नुपुर टेलीविजन इंडस्ट्री का जाना-माना चेहरा थीं. लेकिन कुछ साल पहले उन्होंने सबकुछ त्याग कर संन्यासी बनने का फैसला किया. वहीं अब उन्होंने बताया कि आखिर उन्हें ये फैसला क्यों लेना पड़ा. एक्ट्रेस से संन्यासी बन चुकीं नुपुर से पूछा गया कि आखिर उन्होंने 27 साल का करियर छोड़ कर आध्यात्म में जाने का फैसला क्यों किया? टेलीटॉक संग बातचीत में उन्होंने अपने इस फैसले पर बातचीत की. वो कहती हैं कि मैंने अचानक कुछ नहीं किया. स्प्रिचुअली मेरी प्रैक्टिस चलती थी. लेकिन एक्टिंग फील्ड में आप किसी से इस पर बात नहीं कर सकते. 'एक ना एक दिन सबको प्रभु की शरण में जाना है. मैं शराफत से उनकी शरण में चली गई. आप लोगों से कुछ छिपा नहीं है. गूगल में मेरे बारे में सब है. मेरे जीवन में जो कुछ भी घटित हुआ, उसके बाद मेरी आंखें खुल गईं. पहले PMC बैंक इशू हुआ. इसके बाद मम्मी की बीमारी. पैसों की कमी की वजह से मम्मी का इलाज नहीं हो पा रहा था.

## Highlights

1. Sahara India Founder Subrata Roy's 170-acre township sealed in Lucknow
2. Man brutally stabbed over loan dispute in Hyderabad
3. Man poses as PMO official, tries to obtain seat at Symbiosis Pune
4. Highly condemnable: BJP's Sudhanshu after shoe thrown at CJI Gavai
5. Almighty made me do it: Lawyer who hurled shoe at CJI Gavai

# Govt tells Tata Group to ‘do what it takes’ to restore stability, amid boardroom conflict




**NEW DELHI, (Agency).** The government has told Tata Group to “do what it takes” to restore stability in the boardrooms of Tata Trusts and Tata Sons Pvt. Ltd., amid a boardroom conflict afflicting the country's most reputed conglomerate, ET reported on Wednesday. At least four Tata Group officials—including Tata Trusts Chairman Noel Tata and Tata Sons Pvt. Ltd. Chairman Natarajan Chandrasekaran—met Union Home Minister Amit Shah in New Delhi on Tuesday night. Finance Minister Nirmala Sitharaman joined them for what a 45-minute-long meeting.

The government is understood to be “deeply concerned” about the risk of Tata Trusts' boardroom conflict spilling over into the management of Tata Sons and other group companies, according to ET. The messaging seems to be that Tata Trusts' shareholding in Tata Sons comes with a “public responsibility”, given the group's systemic significance and contribution to the Indian economy, and that any dispute should be solved internally and discreetly. Tata Trusts is said to be vertically split, with one section aligned with Noel Tata. The other group of four trustees is led by Mehli Mistry, who has ties with the extended Shapoorji Pallonji family that owns about 18.37% of Tata Sons. Mehli reportedly feels he has been kept out of the loop on key matters. The conflict is over board seats at Tata Sons, which controls the 156-year-old group that spans around 400 companies, including 30 listed firms. Tata Trusts exerts decisive influence over the $180-billion conglomerate due to its nearly 66% stake in Tata Sons. Tata Trusts, Tata Sons and Venu Srinivasan declined PTI's requests for a comment on the matter. Calls and messages to Mehli Mistry remained unanswered. According to Livemint, the Tata Trusts boardroom conflict stems from the ouster of former defence secretary Vijay Singh as a director of Tata Sons after a tense meeting on 11 September. Four out of seven trustees opposed his continuation on the Tata Sons board. These four trustees, led by Mehli Mistry, expressed frustration that Tata Trusts' three nominees on the Tata Sons board—Noel Tata, Vijay Singh and Venu Srinivasan—had failed to apprise them about several important developments involving Tata Sons.

# Gold price surges past $4,000 for the first time on persistent safe-haven demand



**NEW DELHI, (Agency).** Gold prices in the US surged past the $4,000/ounce mark for the first time on Tuesday due to persistent safe-haven demand.

US gold futures for December delivery rose to as high as $4,009.00/ounce before paring some of the gains to trade at $3,998.50/ounce. Spot gold was up 0.4% to $3,974.78 per ounce, after hitting an all-time high of $3,985.48.

“It's ongoing safe-haven flows stemming in part from the US government shutdown and no real indication that is likely to be resolved in the immediate term here,” Peter Grant, vice president and senior metals strategist at Zaner Metals told Reuters. “So there's still a pretty decent bid in gold.”

Non-yielding gold, which tends to do well during times of uncertainty and low interest-rate environments, has climbed 51% so far this year. The metal's rally has been driven by a cocktail of factors, including expectations of interest rate cuts, ongoing political and economic uncertainty, solid central bank buying, inflows into gold ETFs and a weak dollar.

# एरोड्रम इलाके में सेक्स रैकेट पकड़ाया 4 महिलाएं और 2 युवक मिले

**इंदौर। एरोड्रम इलाके में हिंदूवादियों ने एक सेक्स रैकेट पर दबिश दी। यहां 4 महिलाएं और 2 युवक मिले, जिसके बाद पुलिस को मौके पर बुलाया गया। सभी को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। अब पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।**



करणी सेना के प्रदेश सहमंत्री मानसिंह राजावत और अभिजीत बुंदेला को जानकारी मिली कि नरीमन पॉइंट, छोटा बांगड़दा इलाके में एक बिल्डिंग की तीसरी मंजिल स्थित फ्लैट में देह व्यापार संचालित किया जा रहा है। इसके बाद टीम के सदस्य मौके पर पहुंचे। यहां एक युवक और युवती बंद कमरे में आपत्तिजनक स्थिति में मिले। पूछताछ करने पर दो युवतियों ने बताया कि दो महिलाएं यहां सेक्स रैकेट संचालित कर रही हैं, जो उन्हें पीथमपुर से इंदौर काम के लिए बुलाती थीं। जब संबंधित महिला से पूछताछ की गई, तो उसने बताया कि उसने कई जगह शुलभ शौचालय में अपना नंबर लिखा है। नंबर के साथ उसने यह भी लिखा था कि जिसे भी लड़कियां चाहिए, उससे संपर्क करे। इसी के जरिए वह अपना काम संचालित करती थी। यहां हिंदूवादियों ने महिला संचालक के मोबाइल में कई लड़कियों के फोटो और वॉट्सऐप चैट भी पुलिस को सौंपे हैं, जिन्हें वह कस्टमर को बुलाने के लिए भेजती थी। सूत्रों के मुताबिक, एरोड्रम थाने के खुफिया पुलिसकर्मियों को यहां अवैध देह व्यापार के अड्डे के बारे में जानकारी थी, लेकिन उन्होंने कार्रवाई नहीं की। स्थानीय लोगों ने इसके लिए हिंदूवादियों को जानकारी दी।

# संघ पर आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। संघ के वाट्सएप स्टेट्स पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने को लेकर जगन्नाथ जिले के सह कारवाह ने थाने आकर शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस ने सोमवार को आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इधर मामले में आरोपी की तलाश की जा रही है।**

संयोगितागंज थाने पर संघ के जगन्नाथ जिले के राणा बख्तावर सिंह नगर के नगर सह कारवाह गजानंद आमकुल पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि सोमवार को एक कार्यकर्ता ने उन्हें आकर बताया कि लक्की पांडे नाम के युवक ने अपने मोबाइल में व्हाट्एप स्टेटस लगाया है। जिसमें संघ को लेकर अभद्र टिप्पणी की गई। जो अशोभनीय है। लक्की पांडे ने संघ की विचारधारा को चोट पहुंचाने के उद्देश्य से इस तरह की टिप्पणी का स्टेटस लगाया है। जिसमें शांति व्यवस्था भंग होने के साथ संघ के लोगो में गुस्सा भी है। इस मामले में पुलिस ने स्टेटस के फोटो देखने के बाद संबधित मोबाइल नंबर के व्यक्ति लक्की पांडे के खिलाफ एफआईआर रजिस्टर्ड की है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, शिप्रा रोड पर हुए हादसे में दंपती समेत 2 बच्चे घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर के शिप्रा में मंगलवार रात एक सड़क हादसा हो गया। बाइक पर जा रहे परिवार को ट्रक ने टक्कर मार दी। घटना नए ब्रिज की है। यहां लोगों ने ट्रक को रोक लिया। ड्राइवर मौका पाकर उतरकर फरार हो गया। चारों घायलों को पुलिस के वाहन से ही अस्पताल भेजा गया है। इसमें बच्ची की हालत गंभीर बताई जा रही है। शिप्रा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना अर्जुन बड़ौद के यहां नए ब्रिज की है। यहां ट्रक नंबर एमपी09जीएच3057 ने बाइक पर जा रहे एक परिवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में पति-पत्नी और एक लड़का, लड़की घायल हुए हैं। सभी इंदौर के गांधी नगर इलाके के रहने वाले बताए जा रहे हैं। बताया जाता है कि ट्रक और बाइक की यहां पर आमने-सामने भिड़ंत हुई थी। इस हादसे में बच्ची को गंभीर चोट आई है। सभी को 112 एंम्बुलेंस से शिप्रा के सिविल अस्पताल भेजा गया है।

# मानसिक विक्षिप्त युवक का शव रेत के ढेर में मिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर के लसूडिया इलाके में सोमवार रात एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक का शव रेत के ढेर में पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को एमवाय अस्पताल भेजा गया। फिलहाल पुलिस इस मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच कर रही है। टीआई तारेश सोनी के अनुसार, मृतक की पहचान 28 वर्षीय विक्रम पंवार, निवासी लसूडिया मोरी के रूप में हुई है। उसके शव के ऊपर काफी मात्रा में रेत जमा थी। शव एक निर्माणाधीन बिल्डिंग के पास रेत के ढेर में मिला। टीआई ने बताया कि विक्रम की मानसिक हालत ठीक नहीं थी और वह एक खंडहरनुमा मकान में अकेला रहता था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा किया और उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है, ताकि मौत के कारणों की पुष्टि हो सके। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह स्पष्ट हो सकेगी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक